BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication ....HARI BHOOMI....

Date ..24/03/2025.. Page ....12.... Column ....02....

Subject ..बीएमयू में रोवर्स एवं रेंजर्स यूनिट का ओरिएंटेशन कार्यक्रम सम्पन्न..

कार्यक्रम | बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में रोवर्स एवं रेंजर्स यूनिट का ओरिएंटेशन

स्काउटिंग केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीव

- लॉर्ड बेडेन पॉवेल के प्रतिपादित मूल सिद्धांतों पर चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज »» रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में रोवर्स एंड रेंजर्स यूनिट एवं हरियाणा भारत स्काउट एवं गाइड के संयुक्त तत्वाधान ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय के रोवर्स एवं रेंजर्स को स्काउटिंग के मूलभूत नियमों एवं गतिविधियों से अवगत कराना तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में भारत स्काउट एवं गाइड्स के संस्थापक लॉर्ड बेडेन पॉवेल द्वारा प्रतिपादित मूल सिद्धांतों पर चर्चा की गई। साथ ही स्काउटिंग में शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास के लिए किए जाने वाले अभ्यासों को भी छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आरके गुप्ता (स्टेट कमिश्नर फॉर यूनिवर्सिटीज, भारत स्काउट एवं गाइड) ने रोवर्स एवं रेंजर्स से संवाद करते हुए कहा कि स्काउटिंग केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि एक जीवन शैली है। यह युवाओं में अनुशासन, सेवा-भाव, नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भरता का विकास करती है। जो छात्र स्काउटिंग से जुड़ते हैं, वे समाज और राष्ट्र के लिए एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व बनते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने और स्काउटिंग के माध्यम से समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में उपस्थित स्काउट के साथ विश्वविद्यालय स्टाफ व मुख्य अतिथि।

स्काउटिंग के माध्यम से छात्र टीमवर्क और समाज सेवा की

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने कहा कि स्काउटिंग के माध्यम से छात्रों में आत्म-अनुशासन, टीमवर्क और समाज सेवा की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय का उद्देश्य है कि हर छात्र बहुआयामी विकास की ओर बढ़े और अपने व्यक्तित्व को समाज के लिए उपयोगी बनाए। उन्होंने छात्रों को कड़ी मेहनत और लगन से कार्य करने की प्रेणा दी तथा रोवर्स एवं रेंजर्स यूनिट को और अधिक सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। हरियाणा भारत स्काउट एवं गाइड्स के डीओसी बलराज आर्य, धर्म सिंह अहलावत, रामचन्द्र, सुमन कादयान (सीओसी), शिवम और कार्तिक ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने छात्रों को स्काउटिंग के विभिन्न आयामों से परिचित कराया और उन्हें नेतृत्वक्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया।